गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2020

25.08.2020

लिस्टिंग विभाग
नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल,
प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक,
बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)
मुंबई-400 051
स्क्रिप कोड: गेल-ईक्यू

लिस्टिंग विभाग,
बीएसई लिमिटेड
फ्लोर 1, फिरोज़ जीजीभॉय टॉवर्स,
दलाल स्ट्रीट,
मुंबई-400001
स्क्रिप कोड: 532155

विषय : गेल (इंडिया) लिमिटेड के सदस्यों की 36वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की सूचना का समाचार पत्र में प्रकाशन के संबंध में

प्रिय महोदय,

यह सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 के विनियम 30 के अनुपालन में है।

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कृपया अनुलग्नक प्राप्त करें।

उपर्युक्त आपकी सूचना एवं रिकॉर्ड हेतु है।

सधन्यवाद,

भवदीय,

अनिल झा.

(ए के झा)
कंपनी सचिव

**आज का दिन** वर्ष 1963 में तत्कालीन सोवियत रूस के नेता जोसेफ स्टालिन के 16 विरोधियों को फांसी पर चढ़ा दिया गया।



# चार माह में एजुकेशन स्टार्टअप्स ने 71000 करोड़ रुपये जुटाए

**कामयाबी**

नई दिल्ली | हिन्दुस्तान ब्यूरो

कोरोना महामारी के कारण स्कूल और कॉलेज बंद हैं। इसी कारण ऑनलाइन एजुकेशन सेक्टर में काफी तेजी देखने को मिल रही है। भारत में एजुकेशन टेक स्टार्टअप्स इस बदलाव का लाभ उठा रहे हैं। सिर्फ चार माह में 13 एजुकेशन स्टार्टअप्स ने निवेशकों से 71000 करोड़ रुपये (954 मिलियन डॉलर) जुटाए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि एजुकेशन स्टार्टअप में विलय और अधिग्रहण जारी रहने की उम्मीद है।

## बड़ी कंपनियां कर रही हैं अधिग्रहण

एजुकेशन स्टार्टअप्स अपने पोर्टफोलियो को विस्तार देने के लिए शिक्षा क्षेत्र की नई और छोटी स्टार्टअप कंपनियों का अधिग्रहण कर रहे हैं। बायजू, वेदांतु और अनएकेडमी ने हाल के दिनों में कई तरह के अधिग्रहण किए हैं। इस साल, बायजू ने 300 मिलियन डॉलर में कोड प्रशिक्षण ऐप व्हाइटहैट जूनियर का अधिग्रहण किया। यह उसका पांचवां अधिग्रहण है।

## ऐप से पढ़ने वाले छात्र दोगुने हुए

मार्केट ट्रैकिंग फर्म रेडसीयर कंसल्टिंग के अनुसार, भारतीय ऑनलाइन शिक्षा बाजार जिस रफ्तार से बढ़ रहा है वैसे में 2022 तक इस बाजार का आकार बढ़कर 3.5 अरब डॉलर होने की उम्मीद है।

## युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़े

देश में ई-एजुकेशन प्रदान कराने वाली कंपनियां अपनी जरूरत के कंटेंट तैयार करने और ऑनलाइन वीडियो के जरिये पढ़ाई करने के लिए बड़े पैमाने पर नौकरियां मुहैया करा रही हैं।

**13** एजुकेशन स्टार्टअप्स में निवेशकों ने 954 मिलियन डॉलर का निवेश किया

**2022** तक ऑनलाइन शिक्षा बाजार बढ़कर 3.5 अरब डॉलर का होगा

**520** मिलियन डॉलर का निवेश 2019 में मिला था एजुकेशन स्टार्टअप्स को



| स्टार्टअप | निवेश | रकम |
|---|---|---|
| क्लासप्लस | सीरीज–ए | 9 मिलियन डॉलर |
| पेडागॉगी | सीड फंडिंग | 4 लाख डॉलर |
| एक्सपर्टट्रॉन्स | सीड फंडिंग | उजागर नहीं |
| क्यून1 | सीड फंडिंग | उजागर नहीं |
| वेदांतु | सीरीज–सी | 7 मिलियन डॉलर |
| जीयूवीआई | सीड फंडिंग | 7,88,156 रुपये |
| परीक्षा | सीड फंडिंग | उजागर नहीं |
| लिडो | सीरीज–बी | 3 मिलियन डॉलर |
| कैंप के–12 | सीड फंडिंग | 4 मिलियन डॉलर |
| ऑक्सलिओ | सीरीज–बी | 6.7 मिलियन डॉलर |
| यूनिवैरायिटी | सीरीज–ए | 1.1 मिलियन डॉलर |
| कॉलेजखबरी | सीड फंडिंग | उजागर नहीं |
| ओडाक्लास | सीड फंडिंग | उजागर नहीं |

## बिजनेस आपतक

### बकाया नहीं देने पर स्पेक्ट्रम लाइसेंस रद्द होगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एजीआर बकाया मामले में बेहद सख्त कदम अपनाते हुए कहा है कि बकाया नहीं चुकाने वाली दूरसंचार कंपनियों का स्पेक्ट्रम लाइसेंस रद्द हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी भी हाल में इससे छूट नहीं मिलेगी। इससे पहले दूरसंचार विभाग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि वह दूरसंचार कंपनियों से स्पेक्ट्रम के खरीदार या विक्रेता से भी बकाया वसूलने की तैयारी कर रहा है।

### जिंदल स्टील की रेटिंग फिच ने कायम रखी

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़े स्टेनलेस स्टील निर्माता जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड के लिए फिच रेटिंग की भारतीय इकाई इंडिया रेटिंग्स ने स्थिर दृष्टिकोण के साथ इंड बीबीबी की दीर्घकालिक रेटिंग कायम रखी है।

### पेट्रोल फिर महंगा डीजल के दाम स्थिर

**नई दिल्ली।** पेट्रोल की कीमतों में लगातार पांचवें दिन तेजी रही जबकि डीजल की कीमत लगातार 24वें दिन स्थिर रही। इंडियन ऑयल के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल का मूल्य 13 पैसे बढ़कर 81.62 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया।

### डॉलर के मुकाबले रुपये में 52 पैसे का उछाल

**नई दिल्ली।** विदेशी कोषों के सतत प्रवाह के बीच अंतरबैंकिंग विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपये में कारोबार का रुख पलट गया और अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 52 पैसे के उछाल के साथ 74.32 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ।

### अच्छे मानसून से बंपर खरीफ उत्पादन की आस

**मुंबई।** खरीफ का रकबा बढ़ने तथा देश भर में मानसून की बरसात का बेहतर वितरण होने से पैदावार बढ़ने के साथ कुल खरीफ फसल का उत्पादन इस वर्ष पांच से छह प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। क्रिसिल रिसर्च ने एक रिपोर्ट में कहा यह बात कही है।

### भारत को वैश्विक आकार के बैंकों की जरूरत

**मुंबई।** मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) के. वी. सुब्रमण्यन ने कहा कि भारत को 2024-25 तक 5000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अधिक संख्या में वैश्विक आकार के बैंकों की जरूरत है।

### वेतन कटौती वाले ग्राहकों को राहत देगा पीएनबी

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक ने कहा है कि छह माह का मोरेटोरियम खत्म होने के बाद भी वेतन कटौती की मुश्किलें झेल रहे ग्राहकों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। बैंक के प्रबंध निदेशक ने कहा कि ग्राहकों की वित्तीय स्थिति के मुताबिक बैंक समाधान निकालेगा।

### आईबीए ने जीएसटी घटाने का अनुरोध किया

**नई दिल्ली।** इंडियन ब्रेवरेज एसोसिएशन (आईबीए) ने वित्तमंत्री से अनुरोध किया है कि गैर एल्कोहल और कार्बोनेटिड पेय पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) घटाकर राहत दी जाए।एसोसिएशन ने जीएसटी परिषद की आगामी बैठक से पहले अपना मांगपत्र सौंपा है। आईबीए ने लिखा है कि 70 हजार करोड़ रुपये के इस उद्योग पर कोविड की वजह से 1200 करोड़ रुपये से ज्यादा की मार पड़ चुकी है।

आर्थिक सुधार के संकेत के बाद भी विनिर्माण और वित्त समेत कई क्षेत्र मुश्किल में


# बड़े वेतन वाली नौकरियों के लिए इंतजार और बढ़ा

**रिपोर्ट**

नई दिल्ली | एजेंसी

भारतीय अर्थव्यवस्था लॉकडाउन में ढील के बाद धीरे-धीरे पटरी पर लौट रही है। इससे नौकरियों के अवसर बढ़े हैं लेकिन अभी भी बड़े वेतन वाली नौकरियों (व्हाइट कॉलर जॉब) के लिए पेशेवरों को इंतजार करना पड़ रहा है।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के पेरोल डाटा के अनुसार, अप्रैल से जून तिमाही के दौरान असंगठित क्षेत्रों में आठ लाख नई नौकरियां निकलीं। डाटा के अनुसार, ये सभी नौकरियां कम वेतन वाली थी। वहीं, अभी भी विनिर्माण क्षेत्र, वित्तीय प्रतिष्ठान और कोर इंजीनियरिंग क्षेत्र में बड़े वेतन की नौकरियां नहीं निकल रही हैं।



**08 लाख** नौकरियां असंगठित क्षेत्र में अप्रैल–जून तिमाही में मिलीं

**25649** नौकरियां मिलीं ऑफिस और संगठित क्षेत्रों में

## मांग और आपूर्ति में अंतर बड़ी बाधा

अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों का कहना है कि बाजार में मांग और आपूर्ति में बड़ा अंतर होने से बड़े वेतन वाली नौकरियां सृजित नहीं हो रही हैं। इसके चलते लोग कम वेतन पर काम करने को मजबूर हैं। मैन्युफैक्चरिंग और फाइनेंस सेक्टर में बड़े पैमाने पर भर्तियां होती हैं लेकिन बाजार में मांग नहीं होने से इस सेक्टर में सुस्ती है। इन क्षेत्रों को पटरी पर आने में अभी वक्त लगेगा।

## युवा बेरोजगारी दर 32.5% पर पहुंचने की आशंका

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने यह अनुमान लगाया है कि अगर भारत सितंबर के अंत तक कोरोना महामारी पर काबू पाने में नाकामयाब रहता है तो देश में युवा बेरोजगारी की दर बढ़कर 32.5 फीसदी पहुंच जाएगी। भारत में 61 लाख युवा कोरोना महामारी के कारण नौकरी गवां सकते हैं।

## ई-कॉमर्स ने रोजगार के मोर्चे पर दिया थोड़ा सहारा

कोरोना महामारी की चपेट में आने से तमाम सेक्टर में छंटनी हुई लेकिन इस दौरान ई-कॉमर्स ने बड़ा सहारा देने का काम किया है। सोशल डिस्टेंसिंग के चलते ऑनलाइन खरीदारी तेजी से बढ़ी है। बढ़ी मांग को पूरा करने के लिए ई-कॉमर्स कंपनियां बड़े पैमाने पर नई नियुक्तियां कर रही हैं।

## विनिर्माण क्षेत्र में सुस्ती अभी भी कायम

मांग कमजोर बने रहने से देश में जुलाई के दौरान विनिर्माण गतिविधियों में संकुचन कुछ और बढ़ा है। भारत विनिर्माण खरीद प्रबंधकों का सूचकांक जुलाई में 46 अंक पर रहा। एक माह पहले जून में यह 47.2 पर था। विनिर्माण में यह लगातार चौथा माह रहा है जब इसमें कमी दर्ज की गई।

# जीएसटी कंपंसेशन पर जीओएम गठन संभव

नई दिल्ली | सौरभ शुक्ल

राज्यों के बकाया जीएसटी कंपंसेशन के मामले में केंद्र सरकार मंत्रियों के समूह यानि जीओएम के गठन का प्रस्ताव रख सकता है। सूत्रों के जरिए हिन्दुस्तान को मिली जानकारी के मुताबिक कोरोना संकट के मौजूदा हालात के चलते केंद्र सरकार फिलहाल और उधारी लेने के मूड में नहीं है।

ऐसे में जीओएम के जरिए राज्यों के साथ रायशुमारी कर राज्यों को हो रहे जीएसटी घाटे की भरपाई के नए विकल्प तलाशे जा सकते हैं। जीएसटी काउंसिल की पिछली बैठक में कंपंसेशन के मामले पर तमाम विकल्प तलाशने को लेकर चर्चा हुई थी। इस दौरान अटॉर्नी जनरल की तरफ से भी बताया गया कि आर्थिक मंदी जैसे हालात में केंद्र की तरफ से घाटे की भरपाई का कोई प्रावधान नहीं है। इसके बाद राज्यों की तरफ से मांग उठने लगी कि केंद्र ही उधार लेकर इसकी भरपाई करे। यही नहीं बैठक में कुछ राज्य और वस्तुओं को कंपंसेशन सेस के दायरे में लाने की भी वकालत कर सकते हैं। 27 अगस्त को जीएसटी काउंसिल की बैठक सिर्फ इन्हीं मुद्दों पर चर्चा होनी है।

## सेंसेक्स में 364 अंकों का उछाल

**मुंबई।** वित्तीय कंपनियों के शेयरों में मजबूत लिवाली के समर्थन के बीच बीएसई सेंसेक्स में सोमवार को 364 अंक का उछाल आया और 38,799 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 94 अंक यानी 0.83 प्रतिशत की तेजी के साथ 11,466 अंक पर बंद हुआ।

## एनबीएफसी के लिए ऋण गारंटी शुरू

**नई दिल्ली।** नाबार्ड ने कहा कि उसने कोविड- 19 महामारी से प्रभावित ग्रामीण क्षेत्र में बिना किसी अड़चन के ऋण प्रवाह सुनिश्चित करने के लिये एक समर्पित ऋण गारंटी उत्पाद की शुरुआत की है। यह उत्पाद एनबीएफसी- सूक्ष्म वित्त संस्थानों के अनुरूप तैयार किया गया है।

## कॉर्पोरेट कॉर्नर



जम्मू एवं कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक को समय से पूरा करने के लिए मीटिंग में कार्य का जायजा लिया। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन विनोद कुमार यादव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।



एनएफएल ने पानीपत में दूसरी बीज प्रसंस्करण इकाई शुरू की है। वीरेंद्र नाथ दत्त, सीएमडी ने वाई. पी. भोला, निदेशक (वित्त), निर्लेप सिंह राय, निदेशक (तकनीकी) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में इसका उद्घाटन किया।



सेल ने अपने सभी संयंत्रों और इकाइयों में सुरक्षा और एहतियात के साथ सामाजिक दूरी बनाए रखते हुए 74वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। सेल अध्यक्ष अनिल कुमार चौधरी ने लोधी रोड स्थित सेल के मुख्यालय में तिरंगा फहराया।

### पोर्ट-लुइस में सुप्रीम कोर्ट भवन का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मॉरीशस के पीएम पीके जुगनुथ ने संयुक्त रूप से एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड द्वारा निर्मित पोर्ट-लुई (मॉरीशस) में नई सुप्रीम कोर्ट बिल्डिंग का उद्घाटन किया। तीन मंजिला अत्याधुनिक भवन इंडिया ग्रांट असिस्टेंस, थर्मल और ध्वनि इन्सुलेशन और उच्च ऊर्जा दक्षता पर ध्यान देने के साथ एक आधुनिक डिजाइन और हरे रंग की विशेषताओं को दिखाता है। इस भवन को 30 मिलियन अमेरिकी डॉलर खर्च कर एनबीसीसी ने 24 महीने के निर्धारित समय के भीतर पूरा किया।

### आरईसी ने ताज सैट्स से साझेदारी की

**नई दिल्ली।** आरईसी प्रमुख सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ पूरे देश में गरीब दिहाड़ी मजदूरों और मेडिकल स्टॉफ को सहयोग करने के लिए मिशन चला रहा है। आरईसी की सीएसआर शाखा आरईसी फाउंडेशन ने नई दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में चिकित्सा कर्मचारियों के लिए विशेष रूप से निर्मित पौष्टिक भोजन पैकेट वितरित करने के लिए ताज सैट्स के साथ साझेदारी की है।

### उत्तर रेलवे का रिकॉर्ड खाद्यान्न लदान

**नई दिल्ली।** उत्तर एवं उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने बताया कि सभी क्षेत्रीय रेलों में अग्रणी उत्तर रेलवे ने देश के 18 विभिन्न राज्यों को 203.65 लाख खाद्यान्न का लदान करके एक और मील का पत्थर स्थापित किया है। परिचालनिक चुनौतियों के बावजूद, उत्तर रेलवे ने विभिन्न राज्यों में राशन की दुकानों पर खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कार्य किया है।

### रोहतक-गोहाना लाइन एलिवेटेड ट्रैक में तब्दील

**रोहतक।** शहर में रेल परिचालन को सुगम और सड़क यातायात की परेशानियों को दूर करने के प्रयास के तहत उत्तर रेलवे ने मौजूदा रोहतक-गोहाना रेल लाइन को 4.8 किलोमीटर एलिवेटिड ट्रैक में बदला है। इस लाइन का कार्य लगभग पूरा हो गया है और अगले तीन महीनों में यह ट्रैक चालू हो जाएगा। उत्तर एवं उत्तर-मध्य रेलवे के महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने इस बात की जानकारी दी।

### फ्लाई ऐश का उपयोग बढ़ाने की पहल

**नई दिल्ली।** एनटीपीसी ने उत्तर प्रदेश के रिहंद प्रोजेक्ट में एक नया इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया है। पूर्व मध्य रेलवे के जीएम ललित त्रिवेदी और हैड सप्लाई चेन, एसीसी, सुरेश राठी अपनी टीम के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से इस अवसर पर शामिल हुए। यह संयंत्रों में सस्ती कीमत पर फ्लाई ऐश पहुंचाने का काम करेगा।

### लखनऊ मंडल का इंटरचेंज में रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे एवं उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने बताया कि लखनऊ मंडल ने 210 रेलगाड़ियों का इंटरचेंज का कार्य सफलतापूर्वक कर उपलब्धि हासिल की है। मंडल ने कीर्तिमान स्थापित करते हुए 107 रेलगाड़ियों को रिसीव किया तथा 103 गाड़ियो को दूसरी रेलवे को हैंडओवर किया।

### भेल और टीईआरआई में करार

**नई दिल्ली।** कड़ी प्रतिस्पर्धात्मक बोली के बीच, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) ने द एनर्जी एंड रिसोर्स इंस्टीट्यूट (टीईआरआई) से अत्याधुनिक बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम्स के लिए अपना पहला वाणिज्यिक आदेश प्राप्त कर लिया है। कंपनी ने दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में संचयी 410 केडब्ल्यूएच बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) की स्थापना के लिए टीईआरआई के साथ एक अनुबंध समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

### ईंधन की लागत में कमी की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भीमा नदी पर नए पुल के निर्माण के बाद देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादन कंपनी एनटीपीसी कुडगी सुपर थर्मल पावर स्टेशन, कर्नाटक को कोयले की सप्लाई की परिवहन लागत को कम करने में सक्षम हो जाएगी। इस पुल पर आवागमन शुरू होने के बाद परिवहन लागत में लगभग 200 से 500 रुपये प्रति मीट्रिक टन की कमी आएगी और इस तरह बिजली की उत्पादन लागत में भी कटौती संभव होगी।


**उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम**
कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा, हरिद्वार।

पत्रांकः 1485/निविदा/91 **निविदा सूचना** दिनांकः 24.08.2020

अध्यक्ष, उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, हरिद्वार की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा जिला योजना 2020–21 एवं राज्य सैक्टर कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु उत्तराखण्ड पेयजल निगम के अन्तर्गत कॉलम 7 में वर्णित श्रेणी अथवा उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से निविदाऐं दिनांक 11.09.2020 की अपराह्न 3.00 बजे तक अधीक्षण अभियन्ता, निर्माण मण्डल, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, देहरादून के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, (किसी कारण वश अवकाश घोषित होने पर अगले कार्य दिवस पर) जोकि उसी दिन 3:30 बजे कार्यालय, अधीक्षण अभियन्ता, निर्माण मण्डल, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, देहरादून में मनोनीत समिति एवं ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | कार्य की अवधि | निविदा विक्रय की अंतिम तिथि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 1. | जिला योजना 2020–21 के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के निम्न विकास खण्डों में विधान सभा एवं जिला योजना समिति के क्षेत्रों में इण्डिया मार्क–।। हैण्डपम्पों के अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धित कार्य। | | | | | |
| अ. | विकास खण्ड का नाम | | | | | हैण्डपम्प अधिष्ठापन में डी अथवा उच्च श्रेणी प्रत्येक |
| 1 | रूड़की | 50,000.00 | 6 माह | 10.09.2020 | 2000 +18 प्रतिशत जी0एस0टी0 | |
| 2 | भगवानपुर | 50,000.00 | 6 माह | 10.09.2020 | तदैव | |
| 3 | बहादराबाद | 50,000.00 | 6 माह | 10.09.2020 | तदैव | |
| 4 | नारसन | 50,000.00 | 6 माह | 10.09.2020 | तदैव | |
| 5 | खानपुर | 40,000.00 | 6 माह | 10.09.2020 | तदैव | |
| 6 | लक्सर | 50,000.00 | 6 माह | 10.09.2020 | तदैव | |

निविदा की शर्तेः– कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती हैं।

अधिशासी अभियन्ता

''जल संचय-जीवन संचय'' कृपया जल श्रोतों को प्रदूषित होने से बचायें।
''वैधानिक चेतवनी-जल श्रोतों को प्रदूषित करना दण्डनीय अपराध है।''



**अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल**
पंजीकृत कार्यालय : ए–223, ओखला आद्योगिक क्षेत्र, फेस–1 नई दिल्ली–110020
सीआईएनः U74899DL1978NPL008877 टेलीफैक्स : 011–40501798
ईमेल : aepcokhla@aepcindia.com वेबसाइट : www.aepcindia.com

**सूचना**

**कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 160 (2) के अनुसरण में सूचना**

यह सूचना दी जाती है कि गुरूवार 03 सितम्बर, 2020 को प्रातः 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो वीडियो माध्यमों के माध्यम से आयोजित की जाने वाली कौंसिल की 41वीं वार्षिक आम सभा (एजीएम) में कौंसिल की कार्यकारी समिति हेतु चुनाव लड़ने के लिए निम्न नामांकन प्राप्त हुए हैं :–

**पश्चिमी क्षेत्र**
1. श्री प्रवीन कुमार अग्रवाल, मेसर्स अनिका अपैरल्स प्रा. लि.
2. श्री नरेंद्र कुमार गोयनका, मैसर्स टेक्सपोर्ट इंडस्ट्रीज प्रा. लि.
3. श्री रवि पोद्दार, मैसर्स चीर सागर।

**दक्षिणी क्षेत्र**
1. श्री ए. शक्तिवेल, मैसर्स पोपीस निटवेयर प्राइवेट लिमिटेड
2. श्री पीपीके परमासिवम, मैसर्स एससीएम गारमेंट्स प्रा. लिमिटेड
3. श्री अजय अग्रवाल, मैसर्स आर.के. इंडस्ट्रीज–IV

**उत्तरी क्षेत्र**
1. श्री अनिल पेशावरी, मैसर्स मीनू क्रिएशन LLP.
2. श्री सुधीर सीकरी मैसर्स ट्रेंड सेटर्स इंटरनेशनल
3. श्री ललित ठुकराल, मैसर्स ट्वेन्टी सेकेंड माईल्स

**पूर्वी क्षेत्र**
1. श्री अनिल बुचासिया, मैसर्स अमृत एक्सपोर्ट्स प्रा. लि.

उपरोक्त सूची में कार्यकारी समिति के सदस्यों के नाम भी शामिल हैं, जो रोटेशन से सेवानिवृत्त हो रहे हैं और कौंसिल की कार्यकारी समिति के लिए चुनाव लड़ने के लिए नामांकन प्रस्तुत किया है।

कृते अपैरल एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउंसिल
(सुमित गुप्ता)
सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 24/08/2020



**डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि.**
भारत सरकार (रेल मंत्रालय) का उपक्रम

**निविदा हेतु आमंत्रण (आईएफबी)**

आईएफबी सं.: एचक्यू/एसएण्डटी/ईसी/डी-बी/डीडीयू-बीपीयूएन दिनांक : 21.08.2020

डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. सभी योग्य निविदादाताओं से **''पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर के दीन दयाल उपाध्याय - न्यू भाउपुर खंड के निर्माणाधीन डबल ट्रैक रेलवे लाइनों की सिगनलिंग, टेलीकम्यूनिकेशन एवं सम्बद्ध कार्यों का डिज़ाइन, निर्माण एवं एक मुश्त आधार पर बचे हुए डिज़ाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण एवं कमीशनिंग कार्यों''** के लिए निविदाएं आमंत्रित करने की इच्छा रखता है। निविदा आमंत्रण के मुख्य विवरण इस प्रकार हैं: **निविदा दस्तावेज शुल्कः** डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. के पक्ष में दिल्ली/नई दिल्ली में देय एसबीआई या अन्य किसी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा भारत के अनुसूचित बैंक द्वारा जारी डीडी/बैंकर्स चैक/पे ऑर्डर के रूप में रु. 50,000/- (रुपये पचास हजार केवल) **निविदा दस्तावेज की बिक्रीः** दिनांक 27.08.2020 से 14.10.2020 तक सभी कार्य दिवस में 10:00 बजे से 17:00 बजे तक। **डीएफसीसीआईएल वेबसाइट www.dfccil.com पर निविदा दस्तावेज की अपलोडिंग :** 28.08.2020 **साइट निरीक्षणः** 09.09.2020 एवं 10.09.2020 **प्रि-बिड सम्मेलनः** 15.09.2020 को 15:00 बजे **निविदा जमा करने की तिथि एवं समयः** यह एकल चरण द्वि–लिफाफा प्रणाली निविदा है। तकनीकी निविदा को वित्तीय निविदा के साथ दिनांक 29.08.2020 से 13.10.2020 तक सभी कार्य दिवसों में 10:00 बजे से 17:00 बजे तक एवं दिनांक 14.10.2020 को 15:00 बजे तक नीचे दिए गए पते पर जमा करना होगाः समूह महा प्रबंधक/एसएण्डटी–I/ईसी का कार्यालय, डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, कमरा सं. 402 बी, चौथा तल, सर्वोच्च न्यायालय मेट्रो स्टेशन भवन कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली–110001 **तकनीकी निविदा के खुलने की तिथि एवं समयः** तकनीकी निविदा दिनांक 14.10.2020 को 15:30 बजे खोली जाएगी। **निविदा दस्तावेज को क्रय करने के लिए प्राधिकरण एवं स्थानः** श्री सतीश कुमार, समूह महा प्रबंधक/एसएण्डटी/ईसी–I, डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, कमरा सं. 402-बी, चौथा तल, सर्वोच्च न्यायालय मेट्रो स्टेशन भवन कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली–110001 फोन सं.: (011) 23454860/ फैक्स सं.: (011) 23454701 ई–मेलः satishkumar@dfcc.co.in **साइट निरीक्षण के लिए कृपया सम्पर्क करें:** सीजीएम/एएलडी/ई/डीएफसीसीआईएल, द्वितीय तल, डीएफसीसीआईएल ऑपरेशन कंट्रोल सेन्टर, सूबेदारगंज (आईओसीएल कैम्पस के सामने), इलाहाबाद–211012 फोन सं.: (0532) 2287610 ई–मेलः omprakash@dfcc.co.in निविदादाता ऊपर दर्शाए अनुसार निविदा दस्तावेज क्रय कर सकते हैं या डीएफसीसीआईएल वेबसाइट www.dfccil.com से निविदा दस्तावेज डाउनलोड कर सकते हैं तथा उन्हें सलाह दी जाती है कि वे अपनी निविदा जमा करने से पहले डीएफसीसीआईएल वेबसाइट को देख लें कि उपरोक्त आईएफबी के संबंध में कोई संशोधन/शुद्धिपत्र तो जारी नहीं किया गया है। संशोधन/शुद्धिपत्र, यदि कोई होगा, तो समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा और केवल डीएफसीसीआईएल वेबसाइट पर ही अपलोड किया जाएगा। दस्तावेज डाउनलोड करने की स्थिति में, निविदा दस्तावेज का शुल्क अलग से निविदा के साथ संलग्न करना होगा।

**समूह महा प्रबंधक/एसएण्डटी/ईसी-I**



**गेल (इंडिया) लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)

**गेल (इंडिया) लिमिटेड के शेयरधारकों को सूचना**

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि व्यवसायों के लेन–देन करने के लिए पृथक रूप से परिचालित किए जा रहे एजीएम की सूचना के अनुसार गेल (इंडिया) लिमिटेड के सदस्यों की छत्तीसवीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) मंगलवार, 22 सितंबर, 2020 को सुबह 11:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित की जाएगी। मौजूदा कोविड–19 महामारी को देखते हुए भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने अपने साधारण परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, सामान्य परिपत्र संख्या 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 और सामान्य परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांक 5 मई, 2020 तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने अपने परिपत्र सं. सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 दिनांक 12 मई, 2020 (''परिपत्र'') सदस्यों की भौतिक उपस्थिति की आवश्यकता के बिना एक आम स्थल पर वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम के आयोजन की अनुमति दी है। इन परिपत्रों और कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रासंगिक प्रावधानों और सेबी (सूचीबद्ध करने के दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के अनुपालन में कंपनी के सदस्यों की एजीएम वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

उपर्युक्त परिपत्रों के अनुसार वार्षिक रिपोर्ट 2019–20 के साथ एजीएम के नोटिस केवल उन्हीं सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा भेजे जा रहे हैं जिनके ई–मेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत हैं।

सदस्य कृपया ध्यान दें कि एजीएम और वार्षिक रिपोर्ट 2019 – 20 का नोटिस कंपनी की वेबसाइट www.gailonline.com, स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट यानी बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट क्रमशः www.bseindia.com और www.nseindia.com पर भी उपलब्ध होगा और एजीएम सूचना सीडीएसएल (रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा प्रदान करने के लिए एजेंसी)की वेबसाइट पर भी उपलब्ध होगा अर्थात् www.evotingindia.com सदस्य केवल वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित और सहभागी हो सकते हैं। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के अनुसार कोरम की गणना के उद्देश्य से गिना जाएगा। एजीएम में शामिल होने के निर्देश एजीएम के नोटिस में दिए गए हैं।

कंपनी एजीएम के नोटिस में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर अपने वोट डालने के लिए इसके सभी सदस्यों को दूरस्थ ई–वोटिंग (रिमोट ई – वोटिंग) सुविधा प्रदान कर रही है। इसके अतिरिक्त कंपनी एजीएम (ई–वोटिंग) के दौरान ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान कर रही है। एजीएम के नोटिस में दूरस्थ ई–वोटिंग/मतदान की विस्तृत प्रक्रिया प्रदान की गई है।

**ऐसे सदस्य (सदस्यों) के मामले में जिन्होंने कंपनी/डिपॉजिटरी के साथ अपने ई–मेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं, से अनुरोध है कि वे वार्षिक रिपोर्ट और ई–वोटिंग के लिए लॉगिन विवरण प्राप्त करने के लिए अपने ई–मेल पते को दर्ज करने हेतु नीचे दिए गए निर्देशों का पालन करें ।**

1) **भौतिक रूप में** शेयरधारण करने वाले सदस्यों के लिए, कृपया आवश्यक विवरण जैसे– फोलियो नंबर, शेयर प्रमाण पत्र की स्कैन कॉपी (आगे और पीछे) के साथ शेयरधारक का नाम, पैन (स्वयं सत्यापित पैन कार्ड की स्कैन्ड प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्वयं सत्यापित स्कैन्ड प्रति) ईमेल द्वारा shareholders@gail.co.in पर उपलब्ध कराएं।
2) डीमैट मोड में शेयर रखने वाले सदस्य अपने ई–मेल आईडी उनके संबंधित डिपोजिटरी पार्टिसिपेंट से संपर्क कर पंजीकृत करवा सकते हैं ।

36वीं एजीएम नोटिस को शेयरधारकों को कट–ऑफ डेट (कंपनी द्वारा तय किया जाना) पर धारित शेयर का प्रेषण उनके पंजीकृत ई – मेल पते पर नियत समय पर भेजा जाएगा ।

यदि आपको एजीएम और ई–वोटिंग सिस्टम से ई–वोटिंग में भाग लेने के बारे में कोई भी प्रश्न या कोई समस्या हो तो आप अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (''एफएक्यू'') और सहायता अनुभाग के अंतर्गत www.evotingindia.com पर उपलब्ध ई–मतदान मैनुअल का संदर्भ ले सकते हैं या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल या श्री नितिन कुंदर (022–23058738) या श्री महबूब लखानी (022–23058543) या श्री राकेश दाल्वी (022–23058542) से संपर्क करें।

दिनांक : 25.08.2020
स्थान : नई दिल्ली
ई–मेलः shareholders@gail.co.in
फोनः 011–26182955, फैक्सः 011–26185941 सीआईएनः L40200DL1984GOI018976

कृते गेल (इंडिया) लिमिटेड
हस्ता/–
(ए.के. झा)
कंपनी सचिव

www.gailonline.com | पंजीकृत कार्यालयः भीकाएजी कामा प्लेस, आर. के. पुरम, नई दिल्ली–110066 पर हमें फॉलो करें



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड–बागेश्वर**

पत्रांकः 467/ ग्रा.नि.वि./2-लेखा/निविदा/2020-21 **ई–निविदा सूचना** दिनांकः 22.08.2020

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखंण्ड की ओर से ग्रामीण निर्माण विभाग एवं लोक निर्माण विभाग में सेतु निर्माण कार्य हेतु पजीकृत ठेकेदारों से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यो की निविदा ऑनलाइन बैबसाइट http:www.uktenders.gov.in पर दिनांक 09–09–2020 को अपरान्ह् 12.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। टैकनिकल बिड सम्बन्धी प्रपत्र दिनांक 10–09–2020 के अपरान्ह् 12.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा बॉक्स में डालें जायेंगें जो दिनांक 11–09–2020 उसी दिन पूर्वान्ह् 12:00 बजे कमेटी के समक्ष खोली जायेंगी। टैकनिकल बिड क्वालीफाई करने वाले निविदादाताओं की फाइनैंसियल बिड उपस्थित्त ठेकेदारो तथा उनके अधिकृत प्रतिनिधियो के सम्मुख अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित कमेटी के समक्ष ऑनलाइन अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड–बागेश्वर में खोली जायेगी। उक्त कार्य की निविदा दिनांक 26–08–2020 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 09–09–2020 के अपरान्ह् 12:00 बजे तक ऑनलाइन डाउनलोडिंग के लिये बैबसाइट पर उपलब्ध होगी।

| क0 सं0 | निर्माण कार्य का नाम | विकास खण्ड/ जनपद | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | चौराबगड़ पोथिंग मोटर मार्ग से उच्छात दूनी तक मोटर मार्ग के (चैनेज 1/3 में 15 मीटर स्पान RCC Counter fortbridge का निर्माण। | कपकोट/ बागेश्वर | 70.89 | 1.42 | (1)– निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 4000.00 का डिमांड ड्राफ्ट (2) GST Rs 720.00 का डिमांड ड्राफ्ट | 12 माह | 120 दिन | बी एवं उच्चतर सेतु निर्माण कार्य |

नोटः– निविदा की शर्तें https://www.uktender.gov.in अथवा प्रखण्ड कार्यालय बागेश्वर में देखी जा सकती है।
प्रकाशन के लिए नहीं। पत्रांक- 12804/ सू.एवं लो.सं.वि./दि. 25.08.2020